# पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर
## प्रथम पाली
## विषय:-हिन्दी
## कक्षा:- 9

निर्धारित समय:- 1:30 पूर्णांक:-40

नोट:- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न 1:- गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।5× 1=5

हर बड़ा साहित्यकार साहित्य और विशेषकर शब्द की गरिमा और मर्यादा पर लड़ने-मरने को तैयार रहता हैं। बच्चन जी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बच्चन जी ने जितना आदर अपने साहित्य का किया उतना ही भारत तथा विदेशों के साहित्य का भी किया। इसलिए समय-समय पर अनुवाद संबंधी नीति बनाते हुए उन्होंने भाषा की गरिमा बनाए रखने पर बहुत बल दिया। उनका कहना था कि अंग्रेजी का अनुवाद बाजारू स्तर की हिंदी में माँगना हिंदी के साथ अन्याय करना है। जब-जब हिंदी अंग्रेजी के स्तर तक उठने की कोशिश करती है तो उस पर तुरंत दोष लगाया जाता है कि वह कठिन और क्लिष्ट है तथा जब वह उससे घबराकर अति सरलता की और जाती है. तो उसे अपरिपक्व कह दिया जाता है। बच्चन जी ने अपने गद्य और पद्य दोनों में ही एक सुंदर सुगठित और सरल हिंदी का प्रयोग करके यह सिद्ध कर दिया कि आवश्यकता के अनुसार संस्कृत की ओर झुकती हिंदी भी लोकप्रिय और लोकरंजक हो सकता है।

1- गद्यांश के अनुसार बच्चन जी के विषय में कौन-सा कथन सत्य है?

(क) वे केवल अपने साहित्य का ही आदर करते थे। (ख) वे केवल विदेशी साहित्य का ही आदर करते थे।

(ग) वे जितना आदर अपने साहित्य का करते थे उतना ही आदर भारत तथा विदेशों के साहित्य का भी करते थे। (घ) इनमें से कोई नहीं।

2. अनुवाद संबंधी नीति बनाते समय बच्चन जी ने किस बात पर अधिक बल दिया?

(क) अपने साहित्य के प्रचार-प्रसार पर (ख) विदेशी साहित्य के प्रचार पर

(ग) आम बोल-चाल की भाषा के प्रयोग पर (घ) भाषा की गरिमा बनाए रखने पर

3. "सरलता " शब्द किस प्रत्यय से बना है।

(क) लता (ख) त (ग) ता (घ) इनमें से कोई नहीं

4. बच्चन जी के अनुसार किस प्रकार की हिंदी लोकप्रिय और लोकरंजक हो सकती है?

(क) आम बोलचाल की।	(ख) उर्दू से प्रभावित हिंदी

(ग) संस्कृत की ओर झुकती हिंदी।	(घ) इनमें से कोई नहीं

5. साहित्यकार ' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय समास	(ख) तत्पुरुष समास	(ग) स्थानांतरण तत्पुरुष	(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2:- अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।   5× 1=5

जीवन तो नाम है चिरंतन संघर्ष का,जीवन तो नाम है आशा और हर्ष का।

मँझधार में है डोल रही, नैया तो क्या हुआ?पास नहीं दिखता कोई खिवैया तो क्या हुआ?

डर क्या यदि तूफानों ने डाल दिया है घेरा,बाल भी बाँका कभी नहीं हो सकेगा तेरा

आशा और साहस की, दोनों पतवारें थाम,मुड़ना नहीं पीछे, आगे बढ़ना तेरा काम

लड़ तूफानों से और गीत गा उत्कर्ष का।इन उत्तुंग लहरों को, चरण तेरे छूना है,

देखकर संघर्ष तेरा, जोश हुआ दूना है।मत हो भयभीत देखकर तू लहरों का नर्तन,

तूफान हों छाए तो मत कर कातर क्रंदन,निराश न होना- वह देख सामने किनारा,

हार गए अँधेरे, उग रहा नूतन उजियारा,पल है यह, जीवन-अनुभव के निष्कर्ष का

जीवन तो नाम है चिरंतन संघर्ष का

(क) कविता के आधार पर बताइए कि जीवन किसे कहते हैं ?

(a) आराम करने को   (b) चिरंतन संघर्ष करने, मन में आशा और हर्ष को स्थान देने को

(c) संघर्ष से दूर भागने के प्रयास को   (d) मौज-मस्ती को

(ख) 'नैया का मँझधार में डोलना, पास में किसी खिवैया का नहीं दिखना'- किस स्थित की ओर संकेत करता है ?

(a) आशा की ओर (b) निराशा की ओर  (c) परिश्रम की ओर  (d) उत्साह की ओर

(ग) 'कभी बाल भी बाँका नहीं होना' का क्या अर्थ

(a) कुछ भी न बिगड़ना। (b) चोट न आना। (c) परिवर्तन न होना (d) नुकसान न होना

(घ) जीवन में आगे बढ़ने के लिए क्या-क्या सहायक

(a) पीछे न मुड़ना  (b) आशा और साहस का सहारा लेना

(c) तूफानों से लड़ना (d) उपर्युक्त सभी

(ड) ऊँची-ऊँची लहरें तुम्हारा संघर्ष देखकर ….. चाहती हैं ? (वाक्य पूरा कीजिए।)

(a) डुबाना (b) दूने उत्साह से चरण छूना। (c) भयभीत करना (d) निराश करना

**प्रश्न 3:- निम्न लिखित प्रश्नों का सही उत्तर दीजिए -10× 1=10**

1-प्रतिकूल ' में प्रयुक्त उपसर्ग है ?

(A)प्रति (B)परि (c)परा (D)प्र

2-जो धातु या शब्द के अन्त में जोड़ा जाता है , उसे क्या कहते हैं ?

(A)अव्यय। (B)प्रत्यय। (C)उपसर्ग (D)समास

3- 'भूलक्कड़' शब्द में प्रत्यय बताये

A) आऊ (B) अक (C) आक (D) अक्कड

4- 'प्रख्यात' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(A) प्र (B) प्रख् (C) पर (D) प्रा

5- 'उपस्थिति' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) उ (B) अप्स (C) उप (D) उपस

6- अव' उपसर्ग से युक्त कौन-सा शब्द नहीं है ?

(A) अव्यय (B) अवहेलना (C) अवगुण। (D) अवरुद्ध

7- यथाशक्ति में समास है-

(a) अव्ययीभाव। (b) तत्पुरुष (c) द्विगु (d) कर्मधारय

8- चौमासा' में समास है-

(a) द्विगु (b) द्वन्द्र (c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

9- किस शब्द में तत्पुरुष समास है?

(a) दौड़धूप। (b) त्रिभुवन (c) पीताम्बर (d) मधुमक्खी

10- इनमें से कौन-सा "मालगोदाम " शब्द के समास विग्रह का सही रूप है?

(a) माल से गोदाम (b) माल बनाने के लिए गोदाम

(c) माल के लिए गोदाम (d) माल और गोदाम

प्रश्न4:- पाठ्य पुस्तक से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 8× 1=8

(i) मानसरोवर के कवि का क्या अभिप्राय है?

(ii) जानवरों में सबसे ज्यादा बुद्धिहीन किसे समझा जाता है?

(iii) लेखक की यात्रा करने के लिए कहां जाता है?

(iv) रस्सी यहां किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(v) लेखक यात्रा में पीछे क्यों रह जाता है?

(vi) दो बैलों की कथा पाठ में पशुओं को कैद करके कहां रखा जाता है?

(vii) व्यक्ति की पहचान किसके द्वारा करनी चाहिए?

(viii) बंद द्वार के सकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाए है?

प्रश्न5:- निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 1× 2=2

मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

अथवा

बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

प्रश्न 6:आपके विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं है। छात्रों की धक्का-मुक्की में एक छात्र गिरकर चोटिल हो

गया। इसका उल्लेख करते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पीने के पानी की व्यवस्था ठीक करवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।
1× 5=5

अथवा

आपके मित्र ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस खुशी में शामिल होते हुए उसे बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न7:-बाढ़ आने से कई गाँव जलमग्न हो गए हैं। दो मित्र उनकी सहायता के लिए जाना चाहते हैं। उनके बीच हुए संवाद का लेखन कीजिए।
1× 5=5

अथवा

"कंप्यूटर : आज की आवश्यकता "विषय पर अनुच्छेद लिखिए।